तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 हम सबके सम्मिलित प्रयास से ही देश विकसित होगा...





12 महाप्रभु की रथ यात्रा में शामिल होने बांटे जा रहे 7100 आमंत्रण...




## खबर संक्षेप

### भिलाई विधायक आज नगर में

**धमतरी।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव आज 20 जून को धमतरी आयेंगे। विधायक श्री यादव पार्टीगत कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 12 बजे पुराना पीडब्लूडी रेस्ट हॉउस में धमतरी के यादव समाज के लोगों से भेंट करेंगे। नगर इकाई धमतरी कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने सामाजिक जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### पीजी कॉलेज में प्रवेश की पहली सूची 26 को जारी होगी

**धमतरी।** शहर के पीजी कॉलेज में नए एडमिशन के लिए पहली सूची 26 जून को जारी होगी। एडमिशन के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। एडमिशन की प्रक्रिया के बाद 1 जुलाई से क्लास लगनी प्रारंभ हो जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने बताया कि कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया के मुताबिक सूची 25 जून तक प्राप्त होगी। पहली मेरिट सूची 26 जून को चस्पा होगी। प्रवेश लेने की तारीख 8 जुलाई तक रहेगी। दूसरे चरण की मेरिट सूची 9 जुलाई को आएगी। प्रवेश की प्रक्रिया 9 से 14 जुलाई तक रहेगी। तीसरे चरण की मेरिट सूची 15 जुलाई को जारी होगी। प्रवेश 15 से 25 जुलाई तक ले सकते हैं। बता दें कि पीजी कॉलेज में रेग्युलर प्रथम सेमेस्टर में सीटों की संख्या 1370 है, जिसमें कक्षा एवं विषयवार प्रवेश दिया जाएगा।

### 31 जुलाई तक चलेगा स्टॉप डायरिया कैम्पेन

**नगरी।** पूरे विश्व में 0 से 5 वर्ष तक के शिशु मृत्यु का एक बड़ा कारण दस्त डायरिया है। उसकी रोकथाम हेतु शासन के निर्देशानुसार 16 जून से 31 जुलाई तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन चलाया जायेगा। इसके तहत जन जागरूकत, साफ सफाई की जानकारी दी जाएी। विकासखंड नगरी में 0 से 5 वर्ष के लगभग 14332 बच्चों को 2 ओआरएस पैकेट तथा 14 दिन के लिए जिंक टेबलेट का वितरण किया जाएगा। इसी कड़ी में 18 जून को विकासखंड नगरी में जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू, जनपद सदस्य डॉ एके नेताम बीएमओ नगरी द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को तिलक, गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। ओआरएस और जिंक का वितरण कर स्टॉप डायरिया कैम्पेन का शुभारंभ किया गया। हितेंद्र कुमार साहू बीपीएम नगरी ने डायरिया से बचने के उपाय, हेल्थ हाइजीन, साफ सफाई, ओआरएस बनाने के तरीके और ओआरएस के अन्य विकल्प पर जानकारी दी। लीलाराम नागेश बीईटीओ ने बताया कि दस्त होने पर बच्चों को ओआरएस और 14 दिन का जिंक अनिवार्य रूप से दें यदि दस्त रुक गया तो भी 14 दिन का जिंक का डोज अवश्य दें। ज्यादा गम्भीर लक्षण होने पर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन सहित अन्य उपस्थित थे।

### तीन जेसीबी की सहायता से तीन घंटे में तोड़ी गई बड़ी इमारत

# पेंटिनगंज की बेशकीमती जमीन पर बनी डागा धर्मशाला में चला बुलडोजर





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर रोड सिहावा चौक के पास स्थित 90 साल पुरानी डागा धर्मशाला पर निगमकर्मियों ने बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज कर दिया। डागा धर्मशाला एक एकड़ क्षेत्र में फैली हुई थी जिसे रायपुर की एक पार्टी ने 90 साल के लिए लीज पर लिया था। 90 साल की अवधि पूरी होने के बाद नवीनीकरण नहीं होने से निगम ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था। कोर्ट के आदेश के बाद भी संबंधित पार्टी इसे रिलीव नहीं कर रही थी। कोर्ट का फैसला निगम के पक्ष में आया और बिल्डिंग को तोड़ा गया। निगम की इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। कब्जा हटाने कई बोर नोटिस भी दिया गया। न्यायालय के आदेश के बाद इसे कब्जे में लिया गया।

पेंटिनगंज की यह बेशकीमती जमीन अब फिर से निगम के होने पर शहरवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। बता दें कि कोर्ट में यह मामला 2018 से चल रहा था। 2024 में कोर्ट का फैसला निगम के पक्ष में आया। बिल्डिंग 90 साल पुरानी थी इसलिए यह काफी जर्जर हो चुकी थी।

### अतिक्रमणमुक्त जगह पर विकास कार्य होगा : महापौर

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नेशनल हाईवे से लगी इस बेशकीमती जमीन में शहर हित में विकास कार्य कराए जाएंगे। इस जगह पर किसी बड़े प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया जाएगा।


### लीज की अवधि पूरी हो गई थी : उपायुक्त

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि इस जमीन को 90 साल की अवधि पर लीज पर दिया गया था। लीज समाप्त होने के बाद निगम ने इसे अपने कब्जे में लिया है। माननीय उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश के मुताबिक बिल्डिंग काफी पुरानी थी। इसी के आधार पर इसे तोड़ा गया है। अब एक एकड़ की जमीन निगम के कब्जे में है।

### बिल्डिंग तोड़ने 31 लोगों की टीम पहुंची

डागा धर्मशाला तोड़ने आयुक्त के निर्देश के बाद निगम के 31 लोगों की टीम मौके पर पहुंची। भारी संख्या को देखते हुए लोग चुप रहे। किसी ने भी आवाज नहीं उठाई। टीम में उपायुक्त पीसी सार्वा, इंजीनियर महेंद्रसिंह जगह, कमलेश ठाकुर, लोमश देवांगन, नमिता नागवंशी, नितिन वनवासी, मो.शेर खान, सरिता सोना, कंचनकिरण साहू, दीपक पांडे, पुरूषोत्तम प्रजापति, सुनील सालुंके, रामनारायण, योगेश रजक, मंगलू निर्मलकर, दीपमाला कोसरिया, भगवती यादव, राधिका पदमवार, द्रोपती रजक, बंशी दीप, श्यामू सोना, पवनकुमार, कुश नायक, गोविंद पात्रे, गोपाल यादव, पवन हिरवानी, मनीष साहू, टिकेश्वर साहू, वेदप्रकाश साहू, निर्मला साहू, हेमलता भांडुलकर, चित्ररेखा साहू आदि मौजूद थे।

### रॉड निकालने के लिए लगी लोगों की भीड़



डागा धर्मशाला टूटने के बाद उसमे लगे सरिया, लोहा निकालने आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोग हथौड़े, घन से सीमेंट को कुचलकर दिनभर लोहा, रॉड निकालने में लगे रहे। कई लोगों ने 30 से 50 किलो तक रॉड निकाल ली। बिल्डिंग कई साल से खाली थी, जहरीले जीव जंतुओं का बसेरा बन गया था।

# हत्या तथा हत्या का प्रयास आदिवासी समाज उद्वेलित



- एसटीएससी का मामला दर्ज करने तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व आदिवासी समाज ने हत्या तथा हत्या का प्रयास के मामले पर प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया है। गुरूवार को कलेक्टोरेट तथा एसपी कार्यालय पहुंचकर समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि विकास पिता बलराम ध्रुव 25 वर्ष दानीटोला वार्ड निवासी था। 6 जून को उसके घर के पास उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसकी पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है तथा आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं किया है। नामजद तीन आरोपियों तथा तीन अन्य ने मिलकर मृतक को चाकू मारा। पीड़ति को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 5-6 दिन बाद उसकी मौत हो गई। सर्व आदिवासी समाज ने शीघ्र एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष महेश कुमार रावटे, जयपाल सिंह ध्रुव, दामिनी, अनुसुइया सहित अनेक सामाजिकगण उपस्थित थे।

### चाकू मारने वाले रेत माफियाओं पर कार्रवाई करें

सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ललित ध्रुव पिता चेतन ध्रुव ग्राम जंवरगांव का निवासी है। 16 जून को लीलर अवैध रेत खदान से प्रशासन द्वारा जप्त की गई चेन माउंटेन मशीन को प्रशासन के निर्देशानुसार धमतरी मुख्यालय लाने के लिए वाहन को चला रहा था, जिस पर रेत खदान के संचालक अंकुर अग्रवाल महालक्ष्मी ग्रीन विवेकानंद नगर, ओमप्रकाश ग्वालानी उर्फ बिंदू निवासी विवेकानंद नगर और अन्य लोगों ने रोककर गंदी तथा जातिसूचक गालियां देते हुए चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। समाज ने ज्ञापन में कहा है कि अंकुर अग्रवाल पूर्व से ही ललित ध्रुव को जानता था और पूर्ण रूप से परिचित था। आरोपियों पर एसटी, एससी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तार करें। जल्द व उचित कार्रवाई नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# लड़का बालिग था, लेकिन शादी की उम्र नहीं थी



बाल संरक्षण की टीम ने परिजनों को समझाइश देकर शादी रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लड़का बालिग तो था लेकिन उसकी उम्र शादी के लायक नहीं थी। सूचना पर बाल संरक्षण की टीम पहुंच गई और शादी रूकवाई। परिजनों ने लड़के की उम्र 21 साल होने के बाद शादी करने हामी भरी और वचनपत्र भी भरकर दिया।

मामला सिहावा थाना क्षेत्र का है। यहां पर 24 जून को एक शादी तय थी। जिस लड़की की शादी हो रही थी, उसकी उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 19 साल थी। दोनों बालिग थे लेकिन लड़के की उम्र शादी के लायक नहीं थी। नियम के अनुसार शादी के समय लड़के की उम्र कम से कम 21 साल होना जरूरी है। कम उम्र में शादी होने की सूचना गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग को मिली। तत्काल ही बाल संरक्षण इकाई शादी वाले घर में पहुंच गई। यहां पर लड़के की उम्र की तस्दीक अंकसूची से की गई। कम उम्र की पुष्टि होने के बाद परिजनों को समझाइश देकर शादी रोकी गई।

इस दौरान यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी, प्रमोद अमृत विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, नीलम साहू चाइल्ड लाइन समन्वयक, सुश्री मनीषा निषाद, श्रीमती मंजु साहू परामर्शदाता चाइल्ड लाइन तथा सिहावा थाना से निरीक्षक लेखराम ठाकुर और आरक्षक सहित गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच मौजूद रहे।

# नशामुक्त परिवहन के लिए चालकों ने ली शपथ

- पुलिस, निगम व परिवहन विभाग ने ली ई-रिक्शा व ऑटो चालकों की बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नशामुक्त परिवहन व सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस, निगम व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ई-रिक्शा व ऑटो चालकों की बैठक लेकर शपथ दिलाई गई ।

नगर निगम के सभागार में गुरुवार को पुलिस विभाग, नगर निगम व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नशामुक्त परिवहन, सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था में सुधार, सार्वजनिक सुविधा में वृद्धि तथा नशामुक्त और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने सभी चालकों को नशामुक्त परिवहन की शपथ दिलाई। संकल्प दिलाया कि कोई भी चालक नशा करके वाहन नहीं चलाएगा। इस पहल का चालकों एवं यूनियन के प्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए यात्री सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

बैठक में परिवहन से जुड़ी समस्याओं पर भी विचार विमर्श हुआ। यूनियन के सदस्यों ने प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं नियमों का पालन करने वालों को प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। अधिकारियों ने शहर को स्वच्छ बनाये रखने सभी से अपील की।

बैठक में एसपी मणिशंकर चंद्रा, निगम आयुक्त प्रिया गोयल, परिवहन अधिकारी शेख मुजाहिद खान, कोतवाली प्रभारी रजोश मरई, उपायुक्त पीसी सार्वा, नर्सिंग होम संचालकों के प्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित ऑटो चालक, ई-रिक्शा चालक, यूनियन के पदाधिकारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बैठक में ये निर्णय लिए गए

प्रत्येक ई-रिक्शा पर यूनिक नंबर और चालक का मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा। इससे अपराधों की रोकथाम में सहयोग मिलेगा। सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों का प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने व स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने की अपील की गई।

# सड़क हादसे में मोपेड सवार वृद्ध की मौत

- शादी कार्ड बांटने सुरहीबादल गया था, लौटते समय सांकरा के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शादी का कार्ड बांटकर वापस लौट रहे बाइक सवार अधेड़ को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। इस घटना में वृद्ध की मौत हो गई ।

पुलिस के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी निवासी बिसनाथ वट्टी पिता तिवराराम उम्र 65 वर्ष बीते दिनों मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एच 2659 से शादी कार्ड बांटने के लिए रिश्तेदारों के घर ग्राम सुरहीबादल गया था। वह शाम को विशाखापटनम रोड होते हुए वापस अपने घर ग्राम अर्जुनी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम सांकरा में कोटवार विष्णु बघेल के खेत के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद अज्ञात चालक अपने वाहन के साथ मौके से भाग गया। घटना में मोटरसाइकिल सवार वृद्ध के सिर, सीना, कंधा व गाल में गंभीर चोट लगी। घायल को संजीवनी 108 एम्बुलेस की मदद से उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मर्ग जांच पश्चात दुगली पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 184, 106-1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


### दो रेत भंडारण की अनुमति निरस्त, 23 वाहन, 4 चेन माउंटेन मशीन जब्त

# एक्शन में खनिज विभाग, अवैध रेत का पहाड़ जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रेत माफिया की कमर तोड़ने के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। रेत का भंडारण अवैध तरीके से करने पर दो भंडारण की अनुमति निरस्त कर दी गई। इसके अतिरिक्त 23 वाहन और 4 चेन माउंटेन मशीन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

धमतरी रेत माफिया का गढ़ बन गया है। अब तो रेत खदानें यूपी-बिहार की तर्ज पर चलने लगी हैं। मारपीट, चाकूबाजी जैसी घटना भी हो रही है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन रेत माफिया पर अंकुश लगाने एक्शन मोड में आ गया है। गुरुवार को अवैध रेत पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने 2 रेत भंडारण अनुमति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। दोनों स्थानों पर स्वीकृत सीमा से अधिक रेत भंडारित किया गया था। यही नहीं रेत का भंडारण भी अवैध तरीके से किया गया था। दोनों की प्रतिभूति राशि भी जप्त कर ली गयी है। कार्रवाई छत्तीसगढ़ खनिज नियम 2009 के प्रावधान के तहत की गई है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई लगातार जारी है। 10 जून से जिले में रेत के उत्खनन और परिवहन पर प्रतिबंध है। 10 जून से लेकर अब तक कुल 23 हाईवा और ट्रैक्टर को अवैध रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। इसके साथ ही महानदी में अलग-अलग जगह पर अवैध रूप से रेत का खनन करते पाये जाने पर 4 चेन माउंटेन मशीन को भी जप्त किया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने 5 हजार घन मीटर से अधिक अवैध रेत भंडारण को भी जप्त कर लिया है। कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त टीम ने ग्राम ढीमरटिकुर में 3 अलग-अलग स्थानों पर लगभग 300 ट्रिप हाइवा अवैध रेत को जब्त किया है। गुरुवार को खनिज विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने रेत का अवैध परिवहन करते अछोटा में 4, कलारतराई में 3 और तेन्दूकोन्हा में 2 ट्रैक्टर को जब्त किया है। लोहरसी में ईंट का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर पर भी कार्रवाई की गयी है। इन ट्रैक्टरों को जब्त कर कलेक्टोरेट परिसर कम्पोजिट बिल्डिंग में रखा गया है।

### जारी रहेगा अभियान : कलेक्टर

रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खनिज विभाग सहित जिले के राजस्व अमले को भी संभावित रेत खनन क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। रेत परिवहन के संभावित मार्गों पर भी सतत निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने हिदायत दी है कि रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर बिना किसी दबाव के कठोर कार्रवाई करें।

### इनकी हुई भंडारण अनुमति निरस्त

भरारी गांव में लगभग आधा एकड़ में रेत भंडारण के लिए वरूण कुमार साहू ने अनुमति ली थी। यह अनुमति अप्रैल 2025 से पांच वर्ष के लिए थी। इसकी स्वीकृत भंडारण क्षमता 6 हजार घन मीटर थी। निरीक्षण के दौरान स्वीकृत मात्रा से अधिक अवैध रेत पाई गई, जिसके चलते अनुमति निरस्त कर 3 लाख 86 हजार 200 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। दूसरे मामले में दोनर गांव में शैलेन्द्र कुमार नागवंशी को जून 2023 में 5 वर्ष की अवधि के लिए भंडारण अनुमति जारी की गयी थी। यहां भी 6 हजार घन मीटर भंडारण की अनुमति थी। अनुमति के मापदंडों का उल्लंघन करने पर अनुमति निरस्त कर 50 हजार रूपये की प्रतिभूति राशि को भी जब्त किया गया है।


रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैकड़ो विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

## जिला स्तरीय मत्स्य सहकारी समितियों का प्रशिक्षण संपन्न

# हम सबके सम्मिलित प्रयास से ही देश विकसित होगा : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिला स्तरीय मत्स्य सहकारी समितियों के सदस्यों व पदाधिकारियों का अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य शासन की नवीनतम योजनाओं, मत्स्य पालन संबंधी तकनीकी जानकारी सहित समिति के प्रबंधन व लेखा संधारण जानकारी से अवगत कराना था।

बुधवार को सामुदायिक धीवर समाज भवन कुरूद में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार देश को विकसित राष्ट्र एवं विश्व गुरु बनाने निरंतर प्रयास कर रही है। इसकी सफलता हम सब के सम्मिलित प्रयत्न से ही संभव है। भारत के पुराने गौरव को प्राप्त करने केंद्र सरकार सतत अग्रसर है। सहकार से समृद्धि इन्हीं प्रयत्नों की महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भरत मटियारा अध्यक्ष छग मछुआ कल्याण बोर्ड ने कहा कि मछुआ महासंघ मछुआरों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। शिक्षा और तकनीक के विकास से ही समाज का विकास होगा।

विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण धीवर पूर्व अध्यक्ष मत्स्य महासंघ छग, डॉ निरंजन सारंग वरिष्ठ वैज्ञानिक मतस्यिकी महाविद्यालय कवर्धा, रूपचंद धीवर विलासा केंवटीन उपाधि प्राप्त सफल कृषक धमधा, भीमसेन तारक संरक्षक धीवर समाज कुरुद परगना, प्रकाश धीवर अध्यक्ष धीवर समाज कुरुद परगना, परिक्षेत्र मगरलोड मुकेश राघव सहायक संचालक मछली पालन विभाग धमतरी, डॉ. एएन दीक्षित पूर्व प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, परमेश्वर फूटान छग धीवर समाज प्रमुख, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा अध्यक्ष धमतरी धीवर समाज, जयप्रकाश पाण्डेय राज्य प्रमुख केबी बायो लिमिटेड रायपुर, सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ धमतरी थे।






### नवाचार के साथ शासन की योजनाओं का युवा लाभ उठाएं

मछली पालन सहायक संचालक राघव ने कहा कि मत्स्य पालन में लाभ की संभावनाओं को देखते हुए अन्य जाति के लोगों का भी इस कार्य के लिए झुकाव हो रहा है। उन्होंने मखाना की खेती को प्राथमिकता देते हुए युवाओं को नवाचार हेतु सामने आने की अपील की। उन्होंने केंद्रीय एवं राज्य शासन की सब्सिडी आधारित योजनाओं का मत्स्य पालकों को अवगत कराया। उपस्थित सदस्य के प्रश्नों व समस्याओं का निराकरण भी किया गया। डॉक्टर दीक्षित ने केंद्र सरकार के सहकार से समृद्धि के अंतर्गत सहकारिता मंत्रालय के बढ़ते कदम अंतर्गत 54 पहल पर उनकी प्रगति पर जानकारी दी।

### मछली पालन में धमतरी जिला का आदर्श स्थान

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सारंग ने धमतरी जिला को मत्स्य पालन में आदर्श बताया। मत्स्य पालन से जुड़े छात्रों को मत्स्य महाविद्यालय में 5 प्रतिशत आरक्षण व प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। संघ के प्राधिकृत अधिकारी साहू ने देशव्यापी वृक्षारोपण अभियान के तहत प्रत्येक सहकारी समितियों में वृहद वृक्षारोपण करने तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफल आयोजन करने की अपील की। प्रकाश धीवर ने कहा कि गोष्ठी से हमारी समस्याओं का निराकरण होता है। ऐसे में शासन की योजना का लाभ उठाने समितियों को मिलजुल कर सक्रिय रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के लेखांकन प्रशिक्षक एसके पटेल ने लेखा पुस्तकों के संधारण से संबंधित जानकारी दी। मंचासीन अतिथियों को संघ की ओर से श्रीफल व शाल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता ने किया।

# विद्यालय परिसर से बोरवेल मशीन की चोरी





■ असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर को भी नुकसान पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय माध्यमिक शाला दुर्गा चौक एवं प्राथमिक शाला दुर्गा चौक, आंगनबाड़ी वार्ड क्रमांक 13 में संचालित हो रहा है। विद्यालय परिसर के अंदर बोरवेल मशीन लगी है।

शाला के प्राचार्य ने बताया कि 9 जून को शाला स्टाफ ने उक्त सामग्री सही देखी थी। वहीं गर्मी छुट्टी के कारण स्कूल परिसर बंद था। शाला आने के बाद देखा गया कि चोर बोर के केबल को निकालकर ले गया था। बोरवेल, तार, स्टार्टर बोर्ड की चोरी हो गई है। 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बोर के अंदर से मशीन की चोरी कर ली गई है। सिर्फ पाइप को छोड़ दिया गया है।

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय खुलने पर कर्मचारियों ने देखा कि बोरवेल का मोटर, पाइप, अन्य समाग्री मौके पर नहीं है। इससे विद्यालय में जल आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो रही है। स्कूल परिसर में गार्डन बनाया गया है। पेड़ पौधों के लिए क्यारी बनाई गई है। उसे पानी की आवश्यकता है। चोर ने अन्य सामान की भी तोड़फोड़ की है। प्राचार्य एवं कर्मचारियों ने कार्रवाई की मांग की।

# कला के माध्यम से किया स्कूल जाने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम मोदे निवासी लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्ते पर ऐसी आकृति उकेरी है जो सबको अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसमें एक छोटी बच्ची अपने पिता की उंगली पकड़कर स्कूल जाते हुए दिख रही है। लीफ आर्टिस्ट ने अपनी कला के माध्यम से छात्रों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।



# भाजपाइयों ने विकसित भारत बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विकसित भारत संकल्प से सिद्धि के तहत ग्रामीण चौपाल कार्यक्रम ग्राम जोरातराई सि में भाजपाइयों ने आयोजित कर भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व छायाचित्र में पुष्प अर्पित किया। इस दौरान केन्द्र की मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर शासन की एक-एक योजना को जन-जन तक पहुंचाने व 20247 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा नेता चोवाराम गंजीर, बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, लोकनाथ साहू, हेमलाल साहू, दानीराम साहू, तेजराम साहू, कन्हैया लाल, रेखराम साहू, महेश्वर साहू, गया राम साहू, डागेश्वर साहू, राजकुमार, योगेश्वर साहू, पूनम साहू, सुदर्शन साहू, मौरध्वज, दीपक गंजीर, दिनेश कुमार मिथलेश, चुलेश कुमार पुनारद गंजीर, रमेश कुमार, खिलेश्वर साहू, दयानंद साहू उपस्थित थे।



# जीजामगांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

■ न्योता भोज में सरपंच ने बच्चों को परोसी खीर पूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शाउमावि जीजामगांव में कक्षा छठवीं एवं नवमी के विद्यार्थियों का शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष शुभमदास बघेल, विशेष अतिथि सरपंच देवचरण चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू, शाला विकास समिति के सदस्य पीएन नेताम, अशोक साहू, भोजराज सोन, भीम पटेल, होरीलाल साहू, केशर साहू, आरके ध्रुव उपस्थित थे।





नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को गणवेश तथा पुस्तक का वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में शुभम दास ने विद्यार्थियों को नियमित स्वाध्याय, अनुशासन एवं स्वच्छता के महत्व को समझाया। पूर्व प्राचार्य पीएन नेताम ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए आवश्यक बातें बताई। सरपंच देवचरण ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने और अपने शिक्षकों की हर बात मानने कहा। इस अवसर पर सरपंच द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को उन्होंने खीर पूड़ी परोसी।

# आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए जिले के 51 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के तत्वावधान में श्रीराम जानकी मंदिर परिसर सशिमं मड़ाईभाठा में दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संचालित किया गया जिसमें जिले के 30 विद्यालय से 44 दीदी एवं 7 आचार्य शामिल हुए। मगरलोड संकुल के आचार्य, दीदी ने भी हिस्सा लिया था।

इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को प्रातः स्मरणम, वंदना गीत, सरस्वती शिशु मंदिर योजना, संगठनात्मक विषय, शैक्षिक विषय, शिक्षण, शारीरिक, योग आसन, प्राणायाम, नियुध्द समता, गोपुरम रचना, खेल योगचाप आदि विषयों पर प्रांत विभाग, जिला स्तर के अधिकारियों व प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया।

समापन समारोह की अध्यक्षता ललित सिन्हा ने की। मुख्य वक्ता कौशल किशोर बेहार (प्रादेशिक उपाध्यक्ष सशिग्रा शिक्षा समिति छग प्रांत), वर्गाधिकारी नेमसिंग सिन्हा, विशेष अतिथि गणेशराव पवार, सिन्धु बैस, ज्योति साहू, जितेन्द यदु सचिव, पोखन साहू, रामचन्द देवांगन थे। मुख्य वक्ता श्री बेहार ने भारत की गौरवशाली परम्परा, भारती ज्ञान विज्ञान, जीवन मूल्यों व पुरूषार्थ निहित, आचार्यत्व से भारत माता को जग सिरमौर बनाने की बात कही। आचार्य को राष्ट्र निर्माता बताया।

इस आयोजन में जिला संकुल समन्वयक थानसिंह साहू, डिमेन्द्र पटेल, नूतन कुमार साहू, भीमराम साहू, थमेश्वर साहू, टुकेश्वर फुटान, देवेंद्र साहू, प्रह्लाद पटेल, भुनेश्वरी साहू, कामिनी यादव, मीरा निषाद, लोकेश्वर, धनकर, रेणुका साहू, डिगेश्वर पटेल का सहयोग रहा। यह जानकारी सशिमं के प्रधानाचार्य नूतन साहू ने दी।



# शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू बिक्री पर करें कार्रवाई : कलेक्टर



■ जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना एवं तंबाकू के सेवन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ. एमए नसीम तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने की कार्रवाई और कोटपा एक्ट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को भी तंबाकू मुक्त करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जनजागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।

बैठक में रायपुर स्टेट ऑफिस से विलेश राउत, डॉ. श्रीकांत चंद्राकर, रविशंकर वर्मा, विकास कुमार, भागेश्वर लोधी एवं तीजेंद्र साहू भी उपस्थित थे।

## वार्ड क्रमांक 1 व क्रमांक 2 में बीटी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण

# डबल इंजन की सरकार में नगरी गढ़ रहा विकास का नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी डबल इंजन की सरकार में धड़ाधड़ विकास के नए आयाम गढ़ रही है। वार्ड के चौमुखी विकास में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, पार्षदगण अनवरत जुटे हुए हैं। बता दें कि बीते कुछ दिनों में नगर एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है।

ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक एक में लंबित मांग बीटी सड़क निर्माण कार्य संपन्न हो चुका है। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 2 तुमबाहरा में अति जर्जर मार्ग था। 16 लाख की लागत से बीटी सड़क के निर्माण कार्य को पूरा किया गया है। वार्ड पार्षद देवचरण ध्रुव ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, स्वास्थ्य विभाग सभापति शंकर देव, महिला बाल विकास सभापति अल्का किरण साव व पार्षदों राजा पवार, मिक्की गुप्ता, अंबिका ध्रुव, नरेश पटेल, असकरण पटेल, डागेश्वरी साहू की सक्रियता के कारण विकास कार्य संभव हो पाया है।

अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा व विकास बोहरा ने बताया कि आगामी कुछ ही दिनों में 41 लख रुपए की लागत पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 01 व 02 के वार्डवासियों का कहना है कि वर्तमान नगर पंचायत की टीम निश्चित रूप से आपसी सामंजस्य और बेहतर तालमेल बनाकर आगे बढ़ रही है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समस्त पार्षद कार्य कर रहे हैं। इसी भांति यदि कार्य चलता रहा तो निसंदेह पांच वर्षों में नगर पंचायत का विकास अकल्पनीय हो सकता है।



## अंचल की खबरें

### भेंडरा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




**कुरुद।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के नवप्रवेशी बच्चों को किताब व शाला गणवेश एवं शिक्षकों द्वारा मोजा-जूता प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति मंडावी सरपंच, संस्था प्रमुख टीआर साहू, यमाकांत साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, श्रीमती कृष्णा साहू, सोनसाय साहू, सेनि शिक्षक उत्तम बनपेला, लोकेश सेन, छगन साहू, दोषण साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### आदर्श मुक्तिधाम समिति ने महापौर से की मुलाकात, रखी विभिन्न समस्याएं



**धमतरी।** आदर्श मुक्तिधाम समिति सोरिद के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर मुक्तिधाम से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। समिति ने मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं की कमी, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुधार कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतिनिधिमंडल में कुशल देवांगन, जितेंद्र मेश्राम, संतोष देवांगन, सपेंद्र सिन्हा, रमेश देवांगन, टीकम देवांगन और मनोज देवांगन शामिल थे। महापौर श्री रोहरा ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा और मुक्तिधाम को बेहतर बनाने हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

### केंद्र में नए संकुल समन्वयक की नियुक्ति



**जीजामगांव।** संकुल केंद्र जीजामगांव में नए संकुल समन्वयक का मनोनयन संकुल के समस्त शिक्षकों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। डामेन्द्र साहू शिक्षक कन्या माध्यमिक शाला जीजामगांव को कार्यवाहक समन्वयक के रूप में चुना गया। वे आगामी आदेशपर्यंत पद पर बने रहेंगे। ज्ञात हो कि विगत माह संकुल के शिक्षकों ने पूर्व समन्वयक की कार्यशैली एवं व्यवहार को लेकर सामूहिक शिकायत की थी। परिणामस्वरुप पूर्व समन्वयक रविकुमार साहू ने पद का त्याग कर दिया, तब से संकुल केंद्र जीजामगांव में समन्वयक न होने से विभागीय कार्यों में अड़चन आ रही थी। संकुल के सभी शिक्षकों ने डामेंद्र को सर्वसम्मति से चुना है। इस पर श्री साहू ने सभी शिक्षकों का आभार प्रकट किया साथ ही मिलजुल कर कार्य करते हुए छात्रों की शिक्षा व अधिगम स्तर में विकास को सर्वोपरि रखने व सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य केपी साहू, शिवेंद्र ठाकुर, जेएल भारद्वाज, एसके बघेल, श्री देवांगन, जेएस चौहान, संगीता साहू, अनिल खुटियारे, अविनाश साहू समेत संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से हुई मरीजों की जांच



**नगरी।** जिला आयुष अधिकारी डॉ सुरेंद्र चंद्राकर के मार्गदर्शन में ग्राम घोटगांव में एकदिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से जांच की गई। बीमार मरीजों का उचित उपचार का उन्हें सलाह दी गई। शिविर में नेत्र जांच एवं रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध थी। मौसमी रोगों से बचाव एवं रोग प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने हितग्राहियों को आयुष काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. रविंद्र वर्मा ने बताया कि अधिकतर बीमारी का कारण वात पित्त कफ का संतुलन बिगड़ना है। ऋतु अनुरूप जीवन शैली में बदलाव कर गैर संक्रामक रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, मोटापा से बचा जा सकता है। शिविर में 556 मरीजों ने अपना उपचार कराया। मौके पर सरपंच विकास नेताजी, उपसरपंच विरेंद्र साहू, जनपद सदस्य प्रभा नेताम समेत ग्राम पटेल और ग्रामीणजन तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### महानदी उदगम स्थल की साफ-सफाई की



**नगरी।** मां महानदी उत्थान एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी - कर्मचारियों ने महानदी उदगम स्थल की साफ - सफाई की। इस आयोजन में नोडल अधिकारी स्कंध ध्रुव, प्रशिक्षण अधिकारी विधुकार, मिथिलेश साहू, दिनेश यादव, संजय शांडिल्य, हीराराम, पवन मिश्रा, दुष्यंत पुजारी, आकाश, वेदराम, दीपा अग्रवानी, हेमंत साहू, गोविंद नारायण साहू, भारती कश्यप, राजनंदनी बंजारे, देव बाला, अंजनी ध्रुव, ईश्वरी वैष्णव, अनूपा निषाद, लीलाधर साहू अधीक्षक, हर्षवर्धन वर्मा अधीक्षक ने हिस्सा लिया।

## निधन

### नीरज नागवानी



**कुरुद।** प्रियंका कालोनी कुरुद निवासी नीरज नागवानी का बुधवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। वे सिंधी समाज के सदस्य अमर नागवानी के पुत्र थे।




# धमतरी जिला में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ स्कूल एवं कॉलेजों में प्रवेश प्रारंभ

**छत्तीसगढ़ की धमतरी में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है।** स्कूलों और कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत के साथ ही पूरे धमतरी जिला में शिक्षा को लेकर एक नई उमंग और उत्साह देखने को मिल रहा है। शिक्षा संस्थानों ने अपने-अपने पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**हर वर्ष की तरह इस बार भी धमतरी जिला के प्रतिष्ठित स्कूलों और कॉलेजों में** दाखिले को लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए बेहतरीन शैक्षणिक माहौल, आधुनिक सुविधाएं, अनुभवी शिक्षकगण और चरित्र निर्माण पर केंद्रित संस्थानों की तलाश में जुटे हैं। वहीं, निजी स्कूलों और कॉलेजों ने भी इस सत्र को और बेहतर बनाने के लिए कई नवाचार किए हैं। स्मार्ट क्लासेस, डिजिटल लाइब्रेरी, स्किल डेवलपमेंट कोर्स, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, करियर काउंसलिंग और विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को शामिल किया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात** यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में धमतरी जिला लगातार प्रगति कर रहा है। यहाँ के स्कूल और कॉलेज न केवल राज्य के विद्यार्थियों को, बल्कि अन्य जिलों और राज्यों से भी छात्रों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्कृष्ट परिणाम, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता और रोजगारपरक शिक्षा धमतरी जिला को शिक्षा हब के रूप में स्थापित कर रही है।

**प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों और अभिभावकों से निवेदन** है कि वे समय रहते अपने पसंदीदा संस्थान में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें, क्योंकि अधिकांश स्कूल और कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं और हर वर्ष भारी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं। शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सही संस्थान का चयन बच्चों के संपूर्ण विकास में अहम भूमिका निभाता है। इसीलिए सोच-समझकर और सभी आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर ही प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें।

## निजी स्कूलों के होनहार बच्चे बढ़ा रहे धमतरी जिले का गौरव

स्कूल को शिक्षा का मंदिर माना जाता है। बच्चे पढ़-लिखकर शहर, देश का नाम रोशन कर रहे हैं। जिले के कुछ निजी स्कूल ऐसे हैं, जहां से पढ़कर निकले छात्र-छात्राएं आज अधिकारी, चिकित्सक, वकील, सीए बनकर देश व समाज की सेवा कर रहे हैं।

**मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी** सालों से बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा है। यहां के विद्यार्थी नीट एग्जाम में टॉपर बनकर एमबीबीएस की पढ़ाई करने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन ले रहे हैं। विद्यार्थी शुभम सोनकर वर्तमान में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल के छात्र प्रखर चन्द्राकर आईएएस अधिकारी बने। छात्रा इसु अग्रवाल भी आईएएस बन गई। कई और छात्र-छात्राएं हैं जो काबिल इंसान बनकर परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। कक्षा 12वीं में बुसरा प्रवीण, उत्कर्ष देवांगन, ईराम विराणी, गरिमा श्रीवास्तव, संजना लाल, मो. कसाब आदि मेरिट लिस्ट में हैं। 10वीं के रौनक जसूजा, लक्ष्य पटेल, डिंपल हिरवानी, शमयारा कुरैशी, ऐस पटेल टाप लिस्ट में है।


**वंदेमातरम इंग्लिश स्कूल धमतरी** के बच्चे भी परिवार, समाज देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। यहां अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई के साथ-साथ वैदिक शिक्षा, सैनिक शिक्षा, सनातन वैदिक शिक्षा, मिलिट्री ट्रेनिंग चिकित्सा, किचन गार्डन, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक गैजेट रिपेयरिंग, ब्यूटीशियन, कुकिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसकी बदौलत विद्यार्थी स्वरोजगार अपना रहे हैं।

**ए.जे. इंग्लिश स्कूल कुरूद** के होनहार छात्र पढ़ाई के बाद देश-प्रदेश के अच्छे पद पर हैं। 10वीं के विद्यार्थी तोषिबा चन्द्राकर ने इस वर्ष 95 प्रतिशत अंक लाकर शहर का नाम रोशन किया। वहीं पूजा साहू, गौसिया खातुन, आकांक्षा बांधे, भक्ति जाधव, करूणा चन्द्राकर, भूमिका कंवर, मानसी चन्द्राकर जैसे बच्चे टाप लिस्ट में रहकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्कूल में कम्प्यूटर साइंस सहित सभी संकाय की पढ़ाई विशेषज्ञ टीचरों द्वारा करवाई जा रही है।









संकलनकर्ता : **उमेश सिंह बशिष्ट** हरिभूमि ब्यूरोचीफ जिला धमतरी 98261-14710, **रवि सिंह राजपूत** विज्ञापन प्रभारी धमतरी 83058-71196, **यशवंत गंजीर** संवाददाता कुरूद 9826882770

## अंचल की खबरें

### श्रीराम हिंदू संगठन ने किया बंदर का अंतिम संस्कार



**नगरी।** छिपली जंगलपारा में खेल मैदान के पास बिजली करंट की चपेट में आने से शिशु बंदर की मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर श्रीराम हिंदू संगठन छिपली के सदस्यों ने उसी मैदान के पास ही हिंदू रीति-रिवाज के साथ उसे मिट्टी दी। इस दौरान मोहित साहू संरक्षक हिन्दू संगठन, रविन्द्र ठाकुर, नंदलाल नेताम, अश्वनी शर्मा, मोहित साहू, प्रीतम नेताम, दीना सोम, महेश बघेल, संतोष यादव, विक्की, विनय सोम, पप्पू साहू, पुनेश्वर बोरघरिया एवं लकेश्वर यादव उपस्थित थे।

### क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य : मोनिका



- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकलाडोंगरी में देखी स्वास्थ्य व्यवस्था

**धमतरी।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने अकलाडोंगरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीण स्वास्थ्य सहायक पुष्पेंद्र ज्वाला ने बताया कि यहां स्टॉफ एवं लैब टैक्नीशियन की कमी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवॉल नहीं होने से असुरक्षा की स्थिति रहती है। श्रीमती मोनिका ने समस्याओं से अवगत होकर जिला चिकित्सा अधिकारी से बात कर तत्काल निराकरण का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन, मंडल उपाध्यक्ष मीना यादव, मंडल मंत्री रूपाली ध्रुव, सरपंच वेदबाई कुमेटी, सविता, रमेश निषाद, जितेंद्र सिन्हा समेत पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### 29 छात्रों ने लिया ताइक्वांडो का प्रशिक्षण



**धमतरी।** जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 12 मई से 13 जून तक शाउमावि संबलपुर में मार्शल आर्ट ताईक्वाडो खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। लगभग 29 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बालकुमार क्षत्रिय थे। उन्होंने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा दो उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर जिला प्रशासन द्वारा मोमेंटो प्रदान कर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें बालक वर्ग में टिकेंद्र पटेल, बालिका वर्ग में भूमिका यादव शामिल हैं। इस अवसर पर खेल प्राचार्य हरमीत कौर खालसा, प्रशिक्षक ओंकार पटेल, सतीश कुमार चन्द्राकर, डिम्पल देवांगन, विवेक मैत्रेय, वर्षा साहू, कल्याणी साहू, गुलशल रुद्र, रामटेके मौजूद थे।

### ग्रामीण उद्यमियों को मिलेगा पोल्ट्री, पशुपालन के लिए ऋण





- महिलाओं को रोजगार के लिए दिया जाएगा अनुदान

**धमतरी।** शासन ने गरीब तबके के लोगों के लिए रोजगार के साधन खोल दिए हैं। शासन से ऋण प्राप्त कर मुर्गी, मुर्गा पालन, मछली पालन, बकरी पालन, मवेशी पालन आदि के लिए ऋण उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन की पहल पर गांवों में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में बकरी, शुकर, गाय, मुर्गा, मुर्गी, मछली पालन करने वाले उद्यमियों को शासन की ओर मदद मिलेगी। फिलहाल जिला प्रशासन की ओर 30 से अधिक उद्यमियों को चिन्हांकित किया गया है। जिन्हें ऋण दिया जाएगा। ऋण में 35 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। कार्यशाला में बैंक मैनेजर भी उपस्थित हो रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं को भी आजीविका के लिए रियायती ब्याज दर पर महिला कोष से ऋण दिया जाएगा। ऋण में सालभर में मात्र 3 प्रतिशत ही ब्याज लगेगा।




जगन्नाथ को महास्नान कराने के साथ ही रथयात्रा महोत्सव शुरू, कार्यक्रम को भव्य रूप देने में जुटी समिति

# महाप्रभु की रथयात्रा में शामिल होने बांटे जा रहे 7100 आमंत्रण कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में रथयात्रा महोसव का अपना एक अलग ही क्रेज है। ननिहाल जाते समय महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। महाप्रभु को महास्नान कराने के साथ ही 19 जून से रथयात्रा महोत्सव आरंभ हो गया है। जगदीश मंदिर ट्रस्ट द्वारा शहर में रिक्शा -ठेला चालकों से लेकर फुटपाथ में बैठकर जूता-चप्पल, मनिहारी, फल व्यवसायियों को आमंत्रण कार्ड बांटे जा रहे हैं।

मंदिर समिति के अध्यक्ष किरण गांधी ने बताया कि महाप्रभु जगनाथ की रथयात्रा को आकर्षक और भव्य रूप देने समिति के कार्यकर्ता जुटे हैं। रिक्शा-ठेला चालकों से लेकर फुटपाथ में बैठकर फल, जूता, चप्पल, मनिहारी सामान, चाय-पान ठेला वालों, बस्तियों तथा पॉश कॉलोनियों के लोगों को रथयात्रा में शामिल होने आमंत्रण दे रहे हैं।

पर्व की तैयारी में पुजारी बालकृष्ण शर्मा, जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टीगण श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल सीए, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, महाराज बालकृष्ण शर्मा, भरत सोनी, अनिल मित्तल, विशेष आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रविकान्त अग्रवाल, रथयात्रा सेवा कार्य में भक्तगण संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छग, महेन्द्र पंडित, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, राजेंद्र शर्मा पूर्व पार्षद, कुलेश सोनी पार्षद, पिंटू यादव पार्षद, संजय अग्रवाल, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, योगेश गांधी, निशित पटेल, कीर्ति शाह, सुल्ली गुप्ता, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश चंदवानी पार्षद, प्रमोद अग्रवाल, दिनेश अंबानी जुटे हैं।

#### 22 से 25 जून तक भगवान को काढ़ा पिलाया जाएगा

19 जून को सुबह 10.30 बजे महाप्रभु जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा देवी को महास्नान कराने के साथ रथयात्रा महोत्सव आरंभ हुआ। स्नान के बाद महाप्रभु बीमार पड़ जाते हैं। इस बीच 22 से लेकर 25 जून तक काढ़ा पिलाया जाएगा। इसका प्रसाद सुबह 7:30 बजे से श्रद्धालुओं में बांटा जाएगा। 26 जून को महाप्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। यह संस्कार सुबह 9:30 बजे शुरू होगा। 27 जून को सुबह 5 बजे मंगला आरती, दर्शन पूजन होगा। दोपहर 1 बजे रथयात्रा शुरू होगी।

#### शहर का सबसे बड़ा उत्सव

रथयात्रा महोत्सव धमतरी का सबसे बड़ा उत्सव है। इसमें शामिल होने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। एक तरह से यह नगर उत्सव कहलाता है, जिसका साक्षी बनना हर कोई चाहता है। इस साल उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति की ओर से भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

#### हजारों श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होते हैं

मंदिर समिति के श्याम सुंदर अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, गोपाल प्रसाद शर्मा, बिहारी, मोहन अग्रवाल, प्रकाश गांधी, सत्यनारायण राठी ने बताया कि धमतरी शहर में रथयात्रा महोत्सव का एक अलग आकर्षण है। धमतरी के साथ ही आसपास कुरूद, नगरी, मगरलोड, चारामा, गुरुर, भखारा, नहरपुर क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होते हैं। रथयात्रा निकलने पर श्रद्धालु रास्तेभर आसपास के मकान, दुकानों की छत पर चढ़कर दर्शन लाभ लेते हैं।

## कॉम्पटेक महाविद्यालय में 26 को पहली लिस्ट निकलेगी




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पिछले वर्ष कॉम्पटेक महाविद्यालय के बीसीए, बीकॉम, पीजीडीसीए सभी संकाय में सीट फुल हो गई थी। 240 सीटों के लिए इस वर्ष भी प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा होगी।

महाविद्यालय में सभी संकाय के लिए 26 जून को पहली लिस्ट निकलेगी जिसके लिए रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पोर्टल में आवेदन किया जा सकता है। कॉम्प्टेक कॉलेज का कोड 411 है। प्रवेश हेतु विद्यार्थी किसी चॉइस सेंटर से अपना फॉर्म फिल कर सकते हैं। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी 10 वीं, 12 वीं की नेट कॉपी, आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ कॉम्प्टेक कॉलेज सोरिद नगर धमतरी में प्रातः 10 से 2बजे के बीच उपस्थित होवें।

## हाईस्पीड कार ने ट्रक चालक को मारी ठोकर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सड़क क्रॉस कर शौचालय के लिए जा रहे ट्रक चालक को हाईस्पीड कार टक्कर मार कर फरार हो गई। घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी-सिलौटी निवासी तामेश्वर साहू पिता आलम उम्र 36 वर्ष ट्रक चलाने का काम करता है। बुधवार की रात्रि चालक ट्रक क्रमांक सीजी 07 ई 9277 को लेकर भखारा रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान ग्राम कोसमर्रा व गुजरा के बीच स्थित मीरा पेट्रोल पम्प के पास देर रात्रि युवक ने ट्रक को किनारे में खड़ा कर शौच जाने के लिए सड़क क्रॉस कर रहा था। तभी रायपुर से धमतरी की तरफ जा रही सफेद रंग की हाईस्पीड कार ने सड़क क्रॉस कर रहे ट्रक चालक को चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक कार सहित मौके से भाग खड़ा हुआ। वहीं कार की ठोकर लगने से युवक सड़क के दूसरे किनारे पर जाकर गिरा। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गुरूवार की सुबह पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों ने सड़क किनारे ट्रक चालक को मृत देख भखारा पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना पेट्रोल पम्प के सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। वहीं भखारा पुलिस अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश में जुटी है।

## बालक आश्रम में प्राथमिक शाला को मर्ज करने का विरोध



- ग्रामीणों ने कहा- आश्रम में पढ़ाने अपने बच्चों को नहीं भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षक युक्तियुक्तकरण में एक और विसंगति का मामला सामने आया है। बालक आश्रम में प्राथमिक शाला को मर्ज करने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बालक छात्रावास में अपने बच्चों को पढ़ाने भेजने से हाथ खड़े कर दिए हैं।

बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत करैहा के आश्रित ग्राम आडमुड़ा के अनेक लोग गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक युक्तियुक्तकरण के तहत शासकीय प्राथमिक शाला आडमुड़ा को आदिवासी बालक आश्रम शाला करैहा में मर्ज किया गया है जो अनुचित है। आश्रम शाला आवासीय है और प्राथमिक शाला आवासीय नहीं है। दोनों का परिवेश, आचार-विचार, व्यवहार, रहन-सहन, खानपान अलग होता है। शासन के नियम में स्पष्ट निर्देश है कि ग्रामीण इलाके में एक किमी से कम व 10 बच्चों से कम दर्ज संख्या वाली शालाओं को पास के स्कूल में मर्ज करना है। आडमुड़ा में बच्चों की दर्ज संख्या 28 है। उसके बावजूद मर्ज किया जाना नियम विरूद्ध है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आडमुड़ा शाला को पुनः अलग से संचालित किया जाए अन्यथा पालकगण अपने बच्चों को आश्रम में पढ़ाने नहीं भेजेंगे।

ज्ञापन सौपने वालों में रमुख रूप से संजय निषाद, मंशाराम, रमेशकुमार, मदनलाल, परमानंद मरकाम, नरेंद्र रजक, सावन नेताम, यशवंत मंडावी, उत्तम मरकाम, ब्रृजलाल मंडावी, श्यामाचरण मंडावी, मनीष नेताम, नरोत्तम नेताम, अरूण मंडावी, गेवा यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## "एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य" थीम पर मनेगा योग दिवस

- हरदिहा साहू भवन में होगा जिलास्तरीय योग कार्यक्रम
- कार्यकमों में शामिल होने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, 20 जून तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जिलास्तरीय कार्यक्रम धमतरी के रत्नाबांधा स्थित हरदिहा साहू भवन में सुबह 7 बजे से आयोजित होगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य निर्धारित है, जिसका उद्देश्य योग को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जनसामान्य के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। योग दिवस के अवसर पर जिले के विकासखंड, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी नागरिकों, शासकीय एवं निजी संस्थानों, विद्यालयों तथा महाविद्यालयों से 20 जून तक योगा संगम के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने की अपील की है। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सुश्री संतोषी निम्बाडकर और श्रीमती उत्तरा गौतम के मार्गदर्शन में विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगर एवं जनपद मुख्यालयों, शासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे योगा संगम पंजीयन पोर्टल पर नागरिकों का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें और उन्हें कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

#### ऐसे करें पंजीयन

योगा संगम के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह सरल, त्वरित एवं डिजिटल है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक बड़ी आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट ओपन कर संगठन या व्यक्तिगत विवरण की प्रविष्टि करना होगा। जिस जगह पर योग कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं, उसका चयन करना होगा। वेबसाइट पर डाले गए मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से सत्यापन किया जाएगा और पंजीयन पूर्ण होगा।

## ट्रैक्टरों पर कार्रवाई से तीन हजार मजदूरों की रोजी रोटी पर संकट

- यूनियन के बैनर तले मजदूर, ड्राइवर और ट्रैक्टर संचालक पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ट्रैक्टरों से शुल्क लेकर अवैध खदानों से रेत निकाली जाती है। ट्रैक्टर यूनियन के सदस्यों ने अवैध रूप से शुल्क लेने वाले खदानों की सूची देते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सभी ट्रैक्टर संचालक वैध रूप से रेत का परिवहन करना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा ऐसी व्यवस्था ही नहीं की गई है कि ट्रैक्टरों से वैध रूप से रेत का परिवहन किया जा सके।

लगातार कार्रवाई से ट्रैक्टर संचालक, ड्राइवर और मजदूर परेशान हो चुके हैं। गुरुवार को बड़ी संख्या में एकजुट होकर वे ट्रैक्टर यूनियन संघ के बैनरतले कलेक्टोरेट पहुंचे। यूनियन के अध्यक्ष महिप अग्रवाल ने बताया कि धमतरी में करीब 400 ट्रैक्टर हैं, जो रेत की सप्लाई का काम करते हैं। एक ट्रैक्टर से सात लोगों की रोजी रोटी चलती है। यानी 2500-3000 हजार लोग इसी काम के भरोसे हैं। उन्होंने कहा कि तहसीलदार द्वारा रेत परिवहन पर जो कार्यवाही की जा रही है वैध है, किन्तु खनिज अमले द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं की गई है कि ट्रैक्टरों से वैधानिक रूप से रेत की निकाली जा सके। लगातार कार्रवाई से गरीबों की रोजी रोटी पर संकट छा गया है। मजबूरी में उन्हें आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा।

#### हर ट्रैक्टर से होती है अवैध वसूली

ट्रैक्टर यूनियन के सदस्यों ने बताया कि वे खदानों में भुगतान देकर रेत निकालते हैं लेकिन उन्हें कोई पिटपास नहीं दिया जाता है। धमतरी गलियों का शहर का है और महानदी से लगा हुआ है। ऐसे में ट्रैक्टर के अलावा यहां सस्ता और सुलभ रूप से रेत आपूर्ति का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। पिछले 10 साल से माइनिंग ऐसे ही चल रही है। व्यवस्था में परिवर्तन ऐसा हो कि मजदूरों, ड्राइवरों सहित अन्य लोगों को परेशानी न हो।

### शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों का मुंह मीठा कराया

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि रांवा में शाला प्रवेशोत्सव पर छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया। गणवेश व पुस्तक का वितरण भी हुआ। इस अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष मानिकराम साहू, विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### कोर्रा स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया

कोर्रा(भखारा)। ग्राम कोर्रा के शाउमा स्कूल एवं माध्यमिक व प्राइमरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच यमुना कामड़े थी। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि जगदीश्वर शर्मा, लीलाराम साहू, टुकेश्वर साहू थे। प्रवेशोत्सव के दौरान श्री शर्मा ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।











गिट्टी, ईंट की मारामारी, रेत खदानों पर लगा प्रतिबंध

# भवन निर्माण सामग्री के दाम में विस्फोटक वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएम आवास की व्यापक से स्वीकृति मिलने के बाद भवन निर्माण सामग्रियों के दाम में विस्फोटक वृद्धि हुई है। महज डेढ़ माह में ईंट और गिट्टी के दाम में 30 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। वहीं 15 जून के बाद रेत खदानों पर प्रतिबंध से बाजार में रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है। आवास निर्माण के लिए लोगों की पसंदीदा मिट्टी की लाल ईंट के दाम बढ़ गए हैं। ईंट व्यवसायी भागीरथी, राजकुमार, रोहित ने बताया कि मई माह में लगातार बारिश से ईंट निर्माण प्रभावित रहा। डेढ़-दो माह पहले एक ट्रैक्टर ट्राली ईंट 2000 नग को 8 से 9 हजार रूपये में पहुंचाकर दे रहे थे। मौसम और डिमांड के कारण धीरे-धीरे भाव बढ़ता गया और वर्तमान में एक ट्रैक्टर ट्राली ईंट का दाम 13 हजार रूपये हो गया है। कई ठेकेदार ईंट को स्टॉक कर बारिश के आखिरी में और महंगे दाम पर बेचने की फिराक में हैं।

#### क्रेशर गिट्टी के लिए सप्ताह भर का इंतजार



गिट्टी सप्लायर प्रवीण कुमार साहू बताते हैं कि डेढ़ माह पहले मंदिर हसौद की फाईन क्रेशर 20 एमएम गिट्टी खदान में 19 रूपये फीट में मिलती थी। धमतरी पहुंचकर 27-28 रूपये फीट में उपलब्ध हो जाती थी। इसी तरह सेलूद की क्रेशर गिट्टी खदान में 14 रूपये फीट तथा धमतरी पहुंचकर 22-23 रूपये में उपलब्ध हो रही थी। वर्तमान में मंदिर हसौद की गिट्टी आर्डर के सप्ताह भर बाद मिल रही है । वह भी धमतरी पहुंचकर 36 रूपये फीट हो गई है। वहीं सेलूद की गिट्टी 32 रूपये फीट में धमतरी पहुंच रही है। उन्होंने गिट्टी के अप्रत्याशित दाम बढ़ने की वजह प्रोडक्शन कम और डिमांड बढ़ना बताया।

#### रेत का मिलना हुआ मुश्किल

जिले में रेत अथाह है। 15 जून से पहले हजार, बारह सौ रूपये ट्रैक्टर ट्राली में उपलब्ध होने वाली रेत का अब मिलना मुश्किल हो गया है। रेत सप्लायर संघ के अध्यक्ष पिंटू अग्रवाल बताते हैं कि शहर के करीब अछोटा, कोलियारी, अमेठी, परसुली आदि रेत खदान है। ये खदानें अवैध होने के बाद भी पिछले 10 साल से चल रही हैं। इन खदानों में रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर रेत निकलती है। प्रति ट्रैक्टर 200 से 300 रूपये की अवैध वसूली की जाती है। 10 साल बाद प्रशासन नींद से जागा है और अब खदानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ट्रैक्टरों पर लगातार कार्रवाई होने से बाजार में रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खदानों के बंद होने से ट्रैक्टर ड्राइवर सहित हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। वहीं निर्माण कार्य बाधित होने से सन्निर्माण से जुड़े हजारों मिस्त्री, मजदूर खाली हो गए हैं।